# कार्यालयः— सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 18.07.2025 को डॉ0 मुकुल कुमार सती, निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड/सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) की अध्यक्षता में दिनांक 04 अगस्त 2025 से 11 अगस्त 2025 के मध्य सम्पादित होने वाली हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय परीक्षाफल सुधार परीक्षा—2025 (प्रथम) एवं सुधार परीक्षा—2024 (तृतीय) के सफलतापूर्वक सम्पादन के दृष्टिगत आवश्यक दिशा—निर्देश दिये जाने हेतु परीक्षा पूर्व ऑनलाईन बैठक आहूत की गई। जिसमें श्री विनोद प्रसाद सिमल्टी, सचिव, श्री बृजमोहन सिंह रावत, अपर सचिव, श्रीमती सुषमा गौरव, उप सचिव, सभी 13 जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी (मुख्य नियंत्रक), समस्त 13 संकलन केन्द्रों के प्रधानाचार्य (उप नियंत्रक) एवं 02 मूल्यांकन केन्द्रों के प्रधानाचार्य (उप नियंत्रक) उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त बैठक में श्री इन्दु प्रकाश नेगी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं श्री गंगा प्रसाद उनियाल, प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक में निदेशक/सभापति डॉ0 मुकुल कुमार सती द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाचार्य/उप नियंत्रकों को परिषदीय परीक्षाफल सुधार परीक्षा के सफल संचालनार्थ महत्वपूर्ण दिशा—निर्देश दिये गये। सचिव, श्री विनोद प्रसाद सिमल्टी द्वारा बैठक के उद्देश्य एवं अपर सचिव श्री बृजमोहन सिंह रावत द्वारा मुख्य नियंत्रक/उप नियंत्रकों को परीक्षायें सम्पादित किये जाने सम्बन्धी दिशा—निर्देशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

ह0/—
(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव

पत्रांकः— उ0वि0शि0प0/सि0 सेल/ 531 /2025—26 दिनांकः— 18 जुलाई, 2025

सेवा में,

**सम्मानित संपादकः— दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला आदि** को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रैस विज्ञप्ति को अपने दैनिक समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण के पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

18/7/2025
(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।

# कार्यालयः– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

## "परीक्षाफल सुधार परीक्षा" वर्ष 2025 (प्रथम) एवं वर्ष 2024 (तृतीय) हेतु दिशा निर्देश''

- शासनादेश संख्या RTI-312XXIV-4-2023-01(01)2016 TC माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 4 दिनांक 26 मई, 2023 के साथ संलग्न अधिसूचना संख्या RTI-312XXIV-4-2023-01(01)2016 TC दिनांक 26 मई, 2023 के द्वारा प्रख्यापित "उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् (परिस्कार) विनियम 2023" में वर्णित प्रविधानों के क्रम में परिषद् द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट "परीक्षाफल सुधार परीक्षा" वर्ष 2025 (प्रथम) एवं वर्ष 2024 (तृतीय) का आयोजन किया जा रहा है।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (प्रथम) एवं परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2024 (तृतीय) में कुल **19106** परीक्षार्थी जिसमें हाईस्कूल के **8400** परीक्षार्थी तथा इण्टरमीडिएट में **10706** परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं।

| DISTT. NAME | HIGH SCHOOL | | | INTER | | | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2024 III | 2025 | TOTAL | 2024 III | 2025 I | TOTAL | G.TOTAL |
| **HARIDWAR** | 08 | 1709 | 1717 | 36 | 2905 | 2941 | **4658** |
| DEHRADUN | 07 | 939 | 946 | 11 | 1205 | 1216 | 2162 |
| UTTARKASHI | 02 | 271 | 273 | 01 | 401 | 402 | 675 |
| TEHRI GARHWAL | 11 | 526 | 537 | 05 | 684 | 689 | 1226 |
| PAURI GARHWAL | 08 | 652 | 660 | 16 | 733 | 749 | 1409 |
| CHAMOLI | 00 | 289 | 289 | 03 | 368 | 371 | 660 |
| RUDRAPRAYAG | 00 | 156 | 156 | 05 | 279 | 284 | 440 |
| PITHORAGARH | 01 | 286 | 287 | 06 | 308 | 314 | 601 |
| **CHAMPAWAT** | 00 | 98 | 98 | 08 | 210 | 218 | **316** |
| ALMORA | 00 | 436 | 436 | 09 | 610 | 619 | 1055 |
| BAGESHWAR | 00 | 182 | 182 | 01 | 222 | 223 | 405 |
| NAINITAL | 11 | 1082 | 1093 | 18 | 874 | 892 | 1985 |
| U S NAGAR | 05 | 1721 | 1726 | 27 | 1761 | 1788 | 3514 |
| TOTAL | **53** | **8347** | **8400** | **146** | **10560** | **10706** | **19106** |

- परीक्षाफल सुधार परीक्षा में जनपद हरिद्वार में सबसे अधिक परीक्षार्थी **4658** सम्मिलित हो रहे है। जबकि चंपावत में सबसे कम **316** परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षा में हाईस्कूल के **09** विषय तथा इण्टरमीडिएट में **27** विषयों में परीक्षार्थियों के द्वारा आवेदन किया गया है।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षायें दिनांक 04 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ होकर 11 अगस्त, 2025 को समाप्त होंगी। परीक्षाएं एकल पाली में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे के मध्य सम्पादित की जायेंगी। हाईस्कूल की परीक्षायें 04 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ होकर 11 अगस्त, 2025 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा 04 अगस्त, 2025से प्रारम्भ होकर 11 अगस्त, 2025 को संपन्न होंगी।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षा हेतु राज्य में कुल 97 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।
- जनपद हरिद्वार के बहादराबाद (1412) तथा उधमसिंह नगर के रूद्रपुर (819) विकासखण्ड में छात्र संख्या के आधार पर एवं जनपद की भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत दो–दो परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।
- परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक/कस्टोडियन एवं कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति समय से कर दी जाय। समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी अपने जनपद के केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक कर लें।
- केन्द्र व्यवस्थापकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जायें कि जिस विषय का प्रश्नपत्र हो उस दिन उस विषय के विषयाध्यापक को कदापि कक्ष निरीक्षक न लगाया जाये।

18/7

- परीक्षाओं की पवित्रता एवं शुचिता का विशेष ध्यान रखा जाये। सचल/पर्यवेक्षक दलों का गठन कर लिया जाय। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर आन्तरिक सचल दल का भी गठन किया जाय।
- प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्र पर डबल लॉक वाली अलमारी में गोपनीय परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार रखे जाए।
- परीक्षा केन्द्र पर अतिरिक्त प्रश्न पत्रों की मांग हो तो समय पर परिषद् कार्यालय को अवगत करा दें।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षा केन्द्र पर वर्ष 2025 मुख्य परीक्षा की अवशेष उत्तरपुस्तिकायें प्रयोग में लाई जायेंगी। सभी परीक्षा केन्द्रों को यथासमय उत्तरपुस्तिकायें प्राप्त करने हेतु निर्देशित कर दें। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त उ0पु0 वितरण केन्द्र से प्राप्त की जा सकती हैं।
- परीक्षा केन्द्रों को नामावली, प्रवेश पत्र, उपस्थिति पत्रक, डेस्क स्लिप परिषद् के पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे है। विद्यालय अपने पोर्टल से परीक्षार्थियों की नामावली, प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रिन्ट आउट कर प्रवेश पत्र परीक्षार्थियों को हस्ताक्षर कर हस्तगत करायें।
- दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु भूतल एवं सुविधाजनक स्थान पर बैठने की व्यवस्था की जाय।उन्हें नियमानुसार श्रुतलेखक एवं अतिरिक्त समय की सुविधा उपलब्ध करायी जाये।
- परीक्षार्थी 9.30 बजे तक अपने परीक्षा कक्ष में उपस्थित हो जायें। परीक्षार्थी यदि परीक्षा प्रारंभ होने के समय से अधिकतम आधा घण्टा देरी से परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होता है तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जा सकती है।
- परीक्षाफल सुधार परीक्षा में परीक्षा केन्द्रों पर ओ0एम0आर0 एवार्ड ब्लैंक के स्थान पर एवार्ड शीट प्रेषित की जा रही हैं।
- लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के संकलन हेतु प्रत्येक जनपद में एक संकलन केन्द्र बनाया गया है।
- संकलन हेतु आवश्यक प्रपत्र तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु आवश्यक प्रपत्रों का एक पैकेट दिनांक 25 जुलाई, 2025 को मुख्य शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराया जा रहा है।
- 04 अगस्त, 2025 से लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल संकलन केन्द्र पर पहुंचने शुरू हो जायेंगे। परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित कर दिया जाय कि 12 अगस्त, 2025, को प्रातः 11:30 बजे तक उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल संकलन केन्द्र पर अनिवार्यतः पहुंच जाए। प्रत्येक संकलन पर इण्टरमीडिएट तथा हाईस्कूल दोनों के लिए एक–एक कोठारी नियुक्त किये जाए। 01 हाईस्कूल तथा 01 इण्टरमीडिएट हेतु। संकलन केन्द्र प्रातः 10:00 बजे से सांय 07:00 बजे तक खुला रहेगा।
- उपनियंत्रक संकलन केन्द्र अपने संकलन केन्द्र से संबंधित परीक्षा केन्द्रों के दूरभाष नं0 अपने पास रखें तथा उनके संपर्क में बने रहें ताकि उ0पु0 संकलन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।
- संकलन केन्द्र यह सुनिश्चित करेंगे कि संकलित उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल 14 अगस्त, 2025 तक संबंधित मूल्यांकन केन्द्र तक पहुंचा दिये जाए।
- बरसात का समय होने के कारण यह भी सुनिश्चित किया जाय कि उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल भीगने न पायें।

18/7

ALL File 2024-25/time table/improve karyabirt time table 2024

- लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु प्रत्येक मण्डल में एक–एक मूल्यांकन केन्द्र की स्थापना की गई है।
- उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य दिनांक 18 अगस्त 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 22 अगस्त 2025 को सम्पन्न होगा।
- मूल्यांकन समाप्ति के आगामी दिवस को मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकायें समस्त प्रपत्रों सहित परिषद् के सन्निरीक्षा अनुभाग को प्रेषित कर दी जाए ताकि यथासमय परीक्षाफल निर्माण का कार्य पूर्ण हो सके।

18/7/2025
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)